हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

10 प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे विद्यार्थियों से की चर्चा



10 आरईएस कालोनी में 15 दिनों से टाइम नल बंद...





## खबर संक्षेप

### प्रेक्षक ने किया माहुरबंदपारा मतदान केंद्र का निरीक्षण

**कांकेर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक कुमार विश्वरंजन (भाप्रसे 2020) ने 10 फरवरी को माहुरबंदपारा स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां ड्यूटीरत कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा मतदान केन्द्रों और निर्वाचन संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत हुए। उन्होंने मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने और निर्धारित समय में निर्वाचन प्रक्रिया बेहतर ढंग से संपादित करने हेतु मतदान कर्मचारी को निर्देशित किया।

### न्यूरल डिफेक्ट बच्चे का आपरेशन हुआ कामयाब

**कांकेर।** चार माह पहले जन्म लिए तेलावट के मंडावी परिवार के बच्ची के कमर के निचले हिस्से में फोड़ा दिखाई दिया, जो लगातार बढ़ रहा था। चिरायु टीम के द्वारा परीक्षण करने से पता चला की बच्ची को स्पाइना बिफिडा था, जो न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट नामक जन्मजात बीमारी के अंतर्गत आता है। चिरायु टीम की मदद से बच्ची को डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में सफल ऑपरेशन करवाया गया। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया, डॉ सुनील सोनी जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशांक गुप्ता की सहायता से चिरायु टीम की टीम लीडर के सहयोग से बच्ची का सफल इलाज कराया गया एवं बच्ची अभी पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

### तेंदूपत्ता बीमा राशि तीन साल बाद भी नहीं मिली

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम दियागांव के हेमलाल कोरेटी के निधन होने के तीन साल बाद भी परिवार को वन विभाग से तेंदूपत्ता बीमा राशि परिवार को नहीं मिली है। मृतक की पत्नी सुमित्रा कोरेटी 3 साल से चक्कर लगा रही है। इनका कहना है कि मुझे मुंशी और प्रबंधक घुमा रहे हैं, इस कारण बीमा राशि नहीं मिली है। वन विभाग से तेंदूपत्ता बीमा राशि मिलने की जानकारी हुई, तो प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति दुर्गूकोंदल के प्रबंधक को आवेदन सहित आवश्यक दस्तावेज दिया हूं, लेकिन आवेदन देने की 3 साल बाद भी बीमा राशि मुझे नहीं मिली है। छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन से मेरी मांग है कि मुझे तेंदूपत्ता बीमा राशि प्रदान की जाएं, ताकि मेरे बच्चों की जरूरत को पूरा कर सकूं।

### भंडारडिग्गी में धूमधाम से मनाई माता पहुंचानी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम भंडारडिग्गी में माता पहुंचानी मां शीतला माता मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। डोला के साथ पुजारी गांव के नागरिक सभी माता आए लोगों और एकत्र हुए लोगो को परघाने जाते हैं और मंदिर में लाकर सभी ढाई परिक्रमा करते हैं। माता आए सभी सदस्य और परिवार ढाई परिक्रमा कर उनके ऊपर दूध दही का छिड़काव कर माता को शांत करते हैं। माता पहुंचानी के अवसर पर ग्राम गायता परशुराम नरेटी, ग्राम पटेल मथुरा नरेटी, टिगेल राम नरेटी, धनेश नरेटी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सत्यनगर निवासी 42 वर्षीय बिना दास का ईलाज के दौरान 10 जनवरी को मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल रायपुर से मर्ग डायरी पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जिसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**चुनाव :** कांकेर नगरपालिका के अध्यक्ष एवं पार्षद के लिए सुबह 8 बजे से शुरू होगा मतदान

# प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज भाजपा और कांग्रेस में जोरदार मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- परिणाम 15 को आएगा, बुलंदी पर किसी की किस्मत का होगा ऐलान
- जवानों का प्रत्येक मतदान केंद्र व स्ट्रांग रूम पर रहेगा पहरा

जिले की एक नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष एवं पार्षद के लिए 25 मतदान केंद्रो पर मतदान निर्धारित समय सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। प्रत्याशियों की किस्मत आज ईव्हीएम में कैद हो जाएगी। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जमकर मेहनत किया, जिसका परिणाम 15 फरवरी को आएगा और पता चल जाएगा कि इस बार किसकी किस्मत बुलंद रही। मतदान केंद्रो पर जवानों का पहरा रहेगा, इसके साथ ही गश्ती टीम भी लगातार गस्त पर रहेगी। स्ट्रांग रूम में चारो तरफ पहले से ही पहरा लगा दिया गया है।

कांकेर नगरपालिका के लिए मतदान का समय सुबह 8 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में मतदान करवाने के लिए 10 फरवरी की सुबह से मैनेजमेंट में लग गए। मैनेजमेंट में कौन सफल होता है, यह आने वाला समय बताएगा। कांग्रेस सरकार ने बैलेट से मतदान करवाया था, परंतु भाजपा सरकार ने बैलेट को त्यागते हुए ईव्हीएम से मतदान करने का निर्णय लिया। इस बार एक ही ईव्हीएम में अध्यक्ष और पार्षद का मतदान होगा। ऊपर अध्यक्ष के लिए और नीचे पार्षद के लिए मतदान करना होगा, ऐसा प्रयोग पहली बार किया जा रहा है, जिससे मतदाता भी कन्फयूजन में आ सकते है। पहली बार इस प्रयोग के चलते यह तय है कि जिसकी किस्मत बुलंद होगी, वहीं अध्यक्ष और पार्षद की कुर्सी पर बैठेगा।



### मतदान केन्द्रों पर मोबाइल प्रतिबंधित

नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के भीतर मोबाईल फोन प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### 21 हजार 360 मतदाता करेंगे मतदान

नगर पालिका परिषद कांकेर के लिए 21 हजार 360 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 9852 पुरूष और 11408 महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार मतदान बैलेट पेपर के बजाय ईव्हीएम से होगा और एक ही ईव्हीएम में अध्यक्ष और पार्षद का मतदान होगा। नगर पालिका परिषद कांकेर के लिए जेल के पीछे न्यू कम्युनिटी हॉल को स्ट्रांग रूम बनाया गया है, यहीं पर मतगणना होगी। नगर पालिका परिषद में कुल 21 वार्ड में 25 मतदान केन्द्रों के लिए 112 मतदानकर्मियों और 75 जवानों की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है।




### मतदान की गोपनीयता भंग करने पर सजा का प्रावधान

मतदान केन्द्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होगी। मतदाता द्वारा किए जाने वाले मताधिकार के प्रयोग को गोपनीय बनाए रखने के लिए मतदान केन्द्र के भीतर कैमरे के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। मतदाता अथवा अन्य कोई भी व्यक्ति मतदान की गोपनीयता को भंग नहीं करेगा। ऐसा किए जाने पर सजा का प्रावधान है।

### चार वार्ड में होंगे दो-दो मतदान केन्द्र

मतदान कराने के लिए कांकेर नगरपालिका के लिए 28 मतदान दल बनाएं गए है, जिसमें 25 दल को 25 मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया गया है और 3 दल को रिजर्व में रखा गया है। वार्ड क्रमांक 01 अलबेलापारा के लिए मतदान केंद्र पशु चिकित्सालय भवन, वार्ड क्रमांक 02 उदय नगर के लिए महिला आईटीआई, वार्ड क्रमांक 03 शिवनगर के लिए दो मतदान केंद्र प्राशा शिवनगर -01 एवं प्राशाला शिवनगर -02, वार्ड क्रमांक 04 माहुदबंदपारा के लिए प्राथमिक शाला माहुरबंदपारा, वार्ड क्रमांक 05 जवाहर वार्ड के लिए कनिष्ठ प्राथमिक शाला जवाहर वार्ड, वार्ड क्रमांक 06 के लिए प्राशा जवाहरवार्ड, वार्ड क्रमांक 07 आमापारा के लिए प्राशा आमापारा, वार्ड क्रमांक 08 शीतलापारा के लिए प्राशा शीतलापारा, वार्ड क्रमांक 09 के लिए प्राशा श्रीरामनगर, वार्ड क्रमांक 10 के लिए दो मतदान केंद्र पूर्व माशा भंडारीपारा-01 और पूर्व माशा भंडारीपारा-02, वार्ड क्रमांक 11 महादेव वार्ड के लिए प्राशा प्रैक्टिसिंग महादेव वार्ड, वार्ड क्रमांक 12 मांझापारा के लिए दो मतदान केंद्र जनपद कार्यालय मांझापारा-01 और जनपद कार्यालय मांझापारा-02, वार्ड क्रमांक 13 सुभाष वार्ड के लिए पूर्व माशा सुभाषवार्ड, वार्ड क्रमांक 14 में दो मतदान केंद्र प्राशा अन्नपूर्णापारा एवं माशा अन्नपूर्णापारा, वार्ड क्रमांक 15 एमजी वार्ड में प्राशा एमजी वार्ड, वार्ड क्रमांक 16 शांतिनगर में सीडीएस भवन शांतिनगर, वार्ड क्रमांक 17 कंकालिनपारा में शा. कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल कंकालिनपारा, वार्ड क्रमांक 18 बरदेभाटा में प्राथमिक शाला बरदेभाटा, वार्ड क्रमांक 19 अघननगर के लिए शा. कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल कंकालिनपारा, वार्ड क्रमांक 20 में कन्या प्राथमिक शाला जनकरपुर वार्ड, वार्ड क्रमांक 21 में प्राथमिक शाला राजापारा को मतदान केंद्र बनाया गया है।

## शराब का अवैध परिवहन दो युवक पुलिस की गिरफ्त में, वाहन जब्त



**कांकेर।** शुष्क दिवस से पहले शराब का अवैध ढंग से परिवहन करते हुए दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े और युवकों के पास से शराब जप्त किया। शराब परिवहन में उपयोग में लाई गई मोटर सायकल को भी जप्त किया गया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि दो लोग अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे है और अपने साथ देशी व अंग्रेजी शराब को रखकर सेन चौक की ओर जा रहे है। जानकारी के आधार पर पुलिस ने सेन तिराहा मार्ग पर आने जाने वाले वाहनो की तालाशी शुरू किया। तालाशी के दौरान संदेही के वाहन को रोककर पूछताछ किया गया। वाहन को बागोड़ निवासी 27 वर्षीय दीप शंकर सलाम पिता शिवराम सलाम चला रहा था और पीछे बागोड़ निवासी 31 वर्षीय धमेंद्र मरकाम पिता सोनाराम एक नीला रंग का पिठठू बैग एवं एक पीला रंग का थैला लेकर बैठा था। उक्त थैले एवं बैग को तलाशी लेने पर पीले रंग के थैले में 4 बॉटल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमत 3 हजार 360 रूपएं एवं नीले रंग के पिठठू बैग में 8 पौवा देशी प्लेन मदिरा किमती 720 रूपएं, 1 पौवा व्हिस्की शराब कीमत 130 रूपएं, एक पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमत 100 रूपएं, एक पौवा ऑफटर डार्क अंग्रेजी व्हिस्की शराब किमती 150 रूपएं कुल 4 हजार 460 रूपएं की शराब को जप्त किया गया, इसके साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्ति मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 3370 को जप्त किया गया। शराब का अवैध ढंग से परिवहन करने वाले दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बेकाबू बस एनएच 30 पर डिवायडर तोड़ती 50 मीटर दौड़ी, यात्री सुरक्षित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- समाचार लिखे जाने तक मामले पर पुलिस ने किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया था

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर झीपाटोला के पास बीती रात को सवारी बस की तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बस इतनी तेज थी कि डिवाईडर पर चढ़ने के बाद 50 मीटर तक डिवाईडर को तोड़ते हुए आगे बढ़ी। बस चालक का कहना है कि ट्रक चालक के कारण ऐसा हुआ, परंतु बस की हालत देखकर बस चालक की लापरवाही पूरी तरह से नजर आई। भगवान का शुक्र रहा कि इतना बड़ा हादसा होने के बाद किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार कांकेर से रायपुर की ओर जा रही सवारियों से भरी महेंद्रा कंपनी की बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0191 रात को करीब 1 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर झीपाटोला के पास डिवाईडर पर चढ़ गई। सवारी बस की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि बस कम से कम 50 मीटर तक डिवाईडर को तोड़ते हुए आगे बढ़ी। बस अनियंत्रित होकर पलट जाने पर बड़ा हादसा हो सकता था। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सवारी बसें कंपटीशन के चक्कर में 125 प्रति किलोमीटर से अधिक गति से बस को भगाते है, ऐसे समय कोई वाहन आ गया तो बस को चालक कंट्रोल नहीं कर पाता और इस तरह के हादसे हो जाते है। यह पहली घटना नहीं है, एक साल पहले एक बस तेलघरा के पास डिवाईडर पर चढ़ गई थी, जिसमें डिवाईडर की राड बस के अंदर घुस गई थी, उस समय भी एक भी सवार को चोट नहीं आई थी। यह घटनाएं बार-बार पुलिस प्रशासन और बस चालक व उनके मालिकों को सचेत कर रही है, इसके बाद भी जिम्मेदार गंभीर नहीं हो रहे है। समाचार लिखे जाने तक चारामा थाना में किसी भी पक्ष के द्वारा अपराध दर्ज नहीं कराया ▶▶| शेष पेज 08 पर

## पीएम मोदी ने परीक्षा पे की चर्चा और कहा-उत्सव की तरह मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिले में लगभग 60 हजार से अधिक बच्चों ने लाइव कार्यक्रम देखा



परीक्षा पे चर्चा विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय में सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार से जिले के प्रत्येक हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया, जिसमें कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छात्रों से सीधे संवाद करते हुए परीक्षा के भय एवं तनाव से दूर रहने, परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने की सलाह दी गई और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के गुण बताए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि जिले में लगभग 60 हजार से अधिक बच्चों ने लाईव कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था स्कूल षिक्षा विभाग द्वारा की गई थी, ताकि सभी विद्यार्थी लाईव कार्यक्रम देख सकें। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य विद्यालयों में पूर्व से ही इस कार्यक्रम की तैयारी की गई थी, जहां टीव्ही सेट एवं प्रोजेक्टर हैं, वहां पर आसपास ▶▶| शेष पेज 08 पर

## मतदान केंद्र में मतदाता की पहचान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर की ऑनलाइन मतदाता पर्ची भी मान्य



नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इन दस्तावेजों को पहचान के लिए मान्य किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से जारी निर्देशानुसार दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छग राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार काउंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जाएगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। यह ▶▶| शेष पेज 08 पर

## निकाय चुनाव के लिए मतदान आज, सवैतनिक छुट्टी घोषित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका के महापौर, अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन हेतु तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के निर्वाचन हेतु सोमवार 17 फरवरी, गुरूवार 20 फरवरी और रविवार 23 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित है। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त नियत मतदान तिथि को निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित कार्यरत श्रमिक या कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में ▶▶| शेष पेज 08 पर

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान करने की अपील



**कांकेर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए मंगलवार 11 फरवरी को प्रातः 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकार और कर्तव्य दोनों है, जिसके माध्यम से एक स्वस्थ लोकतंत्र की नींव स्थापित की जाती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बिना किसी भय, प्रलोभन के निष्पक्ष होकर अपने स्वविवेक से उम्मीदवार को वोट करने का आव्हान जिले के सभी मतदाताओं से किया है।

**25 मतदान केंद्रों को चार सेक्टर में बांटा गया**

# मतदान दलों को मतदान केंद्र के लिए स्ट्रांग रूम से किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मतदान दल स्ट्रांग रूम में पहुँचकर सामग्री ली अपने कब्जे लिया

न्यू कम्युनिटी हाल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतदान दल सुबह 8 बजे से मतदान सामग्री लेने पहुँच गए थे। रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया गया, वहीं मतदान दलों ने सामग्री का मिलान किया। इसके उपरांत मतदान दलों को ईव्हीएम का वितरण कर मतदान दलों को मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार कांकेर नगरपालिका के लिए 25 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनको 04 सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर क्रमांक 01 में वार्ड क्रमांक 07, 09, 10,11,12, 25, सेक्टर क्रमांक 02 में वार्ड क्रमांक 13, 14, 15, 16, 17,18, सेक्टर क्रमांक 03 में वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04, 05, 06, 08, सेक्टर क्रमांक 04 में वार्ड क्रमांक 19, 20, 21, 22, 23, 24 को शामिल किया गया है। मतदान केन्द्रों के लिए 10 फरवरी की सुबह 09 बजे से न्यू कम्युनिटी हाल से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरित की गई। प्रत्येक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं उनकी टीम ने प्राप्त सामग्रियों का मिलान चेकलिस्ट से करने के उपरांत मतदान दल में सम्मिलित सभी मतदान अधिकारी अपने नियत पोलिंग बूथ के लिए प्रस्थान हुए। मतदान दल अपने-अपने केन्द्रों में उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में सकुशल पहुंच गए। मौके पर उपस्थित अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एसडीएम अरूण वर्मा ने मतदान दलों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। सामग्री वितरण की पूरी कमान नगर पालिका के सीएमओ सोहेल कुमार एवं परिवहन की व्यवस्था नगर पालिका के सब इंजीनियर राहुल थवानी करते हुए नजर आएं। मतदान दल में पीठासीन अधिकारी एवं अन्य सहायक दूसरे विकासखंड से चुनाव कार्य में लगाया गया। इसके अलावा सुरक्षा के लिए दो पुरूष एवं एक महिला स्टाप को भी तैनात किया गया।



पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### पीएम की परीक्षा पे चर्चा को छात्रों ने हरवेल स्कूल में देखा व सुना

**केशकाल।** जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा के 8 वे संस्करण के लिए विद्यालय के सभी छात्र- छात्राएं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिए। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आए विद्यार्थियों से परीक्षा के समय होने वाली छोटी छोटी समस्याओं, आत्मविश्वास बनाए रखने, सकारात्मक ऊर्जा, वातावरणीय प्रभावों और ध्यान केंद्रित करने संबंधी बातों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के कुल 163 विद्यार्थियों, 9 पालक के साथ ही संस्था के प्राचार्य जयराम मरकाम, रामसाय नाग, दयाबती नेताम, भागबती भेड़िया, गुलशन मरकाम, पुनेश वर्मा, गजेंद्र गंगबेर, संदीप कोर्राम, चंदू मरकाम, सरिता मरकाम, जितेंद्र बोध और राजकुमार मरकाम उपस्थित रहे। परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया।

### एसडीओपी अभिनव ने किया पदभार ग्रहण

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने आज पदभार ग्रहण कर लिया है । उनकी जगह फरसगांव के



एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा का रायगढ़ जिले में नगर पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरण हुआ है । पदभार ग्रहण करने के बाद नए एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने चर्चा में बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति समझकर उचित निर्णय लिए जाएंगे। रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी एवं अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जाएगी। जनता एवं पुलिस के बीच समन्वय बनाकर क्षेत्र में अपराधों को कम करेंगे। अभी नगरीय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहे है। ऐसी स्थिति में पुलिस बदमाशों पर नजर बनाईं हुई है।

### शराबी पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या, दो बच्चे अनाथ

**कोण्डागांव।** जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्रातंर्गत बांसकोट चौकी के ग्राम भारंगपुरी में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला



कर हत्या कर दी। इस घटना में दो बच्चे अनाथ हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका पूर्णिमा नेताम की शादी 2015 में गुरु प्रसाद नेताम से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। 9 फरवरी की रात को गुरु प्रसाद ने शराब के नशे में अपनी पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के भाई जगदीश मरकाम ने बांसकोट चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और दोनों बच्चों का भविष्य अधर में है।

### चुनाव: निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं - दुदावत

# जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ केशकाल और फरसगांव में नगरीय निकाय आम निर्वाचन की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

■ केशकाल और फरसगांव में मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

कलेक्टर दुदावत ने केशकाल के विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण किए गए प्रमुख मतदान केन्द्र इस प्रकार हैं। शासकीय प्राथमिक शाला डिहीपारा मतदान केन्द्र क्रमांक 07, माध्यमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 08, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुरडोंगर मतदान केन्द्र क्रमांक 03, माध्यमिक विद्यालय, सुरडोंगर मतदान केन्द्र क्रमांक 05, प्राथमिक शाला, सुरडोंगर मतदान केन्द्र क्रमांक 04 कलेक्टर ने बीएलओ से मतदाताओं की संख्या एवं मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली। उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इसके अलावा, कलेक्टर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम फरसगांव अश्वनी पुसाम, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### फरसगांव में सुरक्षा और मतदान तैयारियों की समीक्षा की

इसके बाद कलेक्टर श्री दुदावत ने फरसगांव में मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फरसगांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 12 का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा और मतदान कर्मियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, कलेक्टर ने चौयतू गायता शासकीय महाविद्यालय, फरसगांव में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेडिंग, प्रवेश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## नपं चुनाव शांतिपूर्ण निपटाने प्रशासन व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के साथ साथ प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में रविवार को फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार जयकुमार नाग, थाना प्रभारी संजय सिंदे, सीएमओ पवन मेरिया समेत प्राशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर में फ्लैगमार्च निकाला। साथ ही जनता से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

■ मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

नगरीय निकाय चुनाव के सम्बंध में एसडीएम अश्वन पुसाम ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण रूप से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने एवं आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए आज फ्लैग मार्च निकाला गया था। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक लोग घरों से निकले और स्वतंत्रत रूप से मतदान करें। वहीं एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए एसपी के निर्देश पर नगर में सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। स्ट्रांग रूम में भी पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी।





## ग्राम पंचायत भानपुरी का सरपंच व 10 वार्डों के पंच हुए निर्विरोध

**फरसगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 6 फरवरी को नाम वापसी बाद कोंडागांव जिले के विकासखंड फरसगांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत भानपुरी का सरपंच एवं 10 वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चार कार्यकाल में नवनिर्वाचित सुभाष पोयाम के परिवार द्वारा ग्राम पंचायत भानपुरी में सरपंच निर्वाचित होते आ रहे हैं। पहले सुभाष के पिता मंगलराम पोयाम सरपंच रहे फिर उनकी बड़ी बहन सुकमी पोयाम सरपंच रहे उसके पश्चात उनकी पत्नी रमशिला पोयाम दो बार सरपंच रही। इनके कार्यकाल के दौरान गांव में घर-घर शौचालाय, पीने के पानी का नल, पक्की सड़कों के साथ सभी मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम किया है। जिसके चलते अब सुभाष पोयाम को निर्विरोध सरपंच निर्वाचित किया गया। बीते दिनों नामांकन के पश्चात आपस में मिल बैठकर ग्राम पंचायत के सरपंच तय कर लिए फिर विपक्ष द्वारा गांव के सभी बुजुर्गों के सम्मान में नाम वापसी कर लिए।

## मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**कोण्डागांव।** नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को रवाना कर दिया गया। कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव के 37 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन दलों में 37 मुख्य मतदान दलों के अलावा 4 रिजर्व दल भी शामिल किए गए हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में तैनात किए जाएंगे। कोंडागांव के अलावा नगर पंचायत केशकाल और नगर पंचायत फरसगांव के लिए भी मतदान दल रवाना किए गए। केशकाल में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से नगर पंचायत के 15 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी की गई। वही शासकीय महाविद्यालय फरसगांव से नगर पंचायत फरसगांव के 15 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर ने मतदान दलों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों ने भी विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

### विशेष परिवहन व्यवस्था

मतदान दलों को संबंधित मतदान केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मतदान सामग्रियों की पूरी जांच कर सुनिश्चित किया गया कि कहीं कोई कमी न हो। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें और निष्पक्ष एवं निर्बाध रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं।

## मतदान दिवस पर 11, 17, 20 व 23 फरवरी को रहेगा सवैतनिक अवकाश

**कोण्डागांव।** जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान तिथियों को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान के दिन कारखानों, संस्थानों और स्थापनाओं में कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों को मतदान करने के लिए अवकाश दिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में मतदान 11 फरवरी, ग्रामीण क्षेत्रों में

■ नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव



मतदान 17 फरवरी, 20 फरवरी और 23 फरवरी को होगा। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, मंत्रलय महानदी भवन अटल नगर, रायपुर द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 ख के तहत यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1953 के अंतर्गत आने वाले सभी संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

### स्थापना प्रमुखों और ठेकेदारों को निर्देश

निर्वाचन तिथि को देखते हुए सभी स्थापनाओं के नियोजकों और ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश दें। सातों दिन कार्यरत कारखानों में प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2–2 घंटे का अवकाश दिया जाएगा। निरंतर प्रक्रिया वाले कारखानों में श्रमिकों को बारी–बारी से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह आदेश जिले के सभी कारखानों, संस्थानों और स्थापनाओं में प्रभावी रहेगा।

## 22 वाहन चालकों का कटा चालान, 66 सौ रुपए समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए अनंतपुर पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में यह विशेष

■ यातायात नियमों का उल्लंघन पर अनंतपुर पुलिस की कार्रवाई



अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच करते हुए उनके दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहन चालकों के पास जरूरी कागजात नहीं मिले, उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 22 प्रकरण दर्ज कर 6600 रुपए का समन वसूला गया। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने इस मौके पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और परमिट जैसे दस्तावेज रखना अनिवार्य है। इसके अलावा, उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और तेज रफ्तार एवं नशे में वाहन चलाने के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## जिला सहकारी बैंक में ग्रामीणों को यातायात सहित अन्य नियमों से संबंधी दी गई जानकारी

**केशकाल।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में ग्रामीणों को विधिक जागरुकता एवं विधिक सेवा से संबंधित जानकारी देते हुए सोमवार को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन जरूरी है। बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलाना चाहिए है। घर में छोटे बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने से मना करना है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर चालान देना होगा। यह जानकारी उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार श्रीमती अंजली पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय व अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल के मार्गदर्शन में श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय ने दी। उन्होंने बाल विवाह से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से पहले लड़की का शादी नहीं करना है। पुरुष वर्ग के लिए 21 वर्ष से पहले शादी नहीं करवाना है। अगर कम उम्र में आप अपने घर के बेटी हो बेटा का शादी करते हैं तो कानूनी




कार्रवाई होगी। इसीलिए शादी के दौरान उम्र का ध्यान रखने का आव्हान किया गया। ***नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा की :*** नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च को सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है।

### भूमकाल दिवस पर गुण्डाधुर महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

# बस्तर के वीर नायकों के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने भूमकाल दिवस पर अमर शहीद वीर गुण्डाधुर और बस्तर के वीर नायकों पर ऐतिहासिक विमर्श विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के इतिहास विभागाध्यक्ष चंद्र प्रकाश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने स्वागत उद्बोधन दिया और संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नूरूटी ने कहा कि सन्‌ 1857 से आज़ादी तक बस्तर के



10 जननायकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बस्तर के लोगों की संघर्षशीलता और अन्याय के विरुद्ध उठने वाली उनकी आवाज़ की सराहना की। मुख्य वक्ता सीपी यादव ने अपने वक्तव्य में बताया कि सन्‌ 1910 का भूमकाल विद्रोह जल, जंगल और जमीन के अधिकार से जुड़ा था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में बस्तर के नायकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि इस विद्रोह को सभी वर्गों और समुदायों का समर्थन प्राप्त था। कार्यक्रम का संचालन नसीर अहमद ने किया। आभार प्रदर्शन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने किया। उन्होंने वीर गुण्डाधुर सहित बस्तर के अन्य वीर नायकों को नमन करते हुए महाविद्यालय में भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

### ये रहे उपस्थित

इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक शोभाराम यादव, शशिभूषण कन्नौजे, रूपा सोरी, डॉ. अलका शुक्ला, डॉ. देवाशीष हालदार, नेहा बंजारे, आकाश वासनीकर, अर्जुन सिंह नेताम, समलेश पोटाई, लोचन सिंह वर्मा सहित अन्य अतिथि व्याख्याता, प्रयोगशाला तकनीशियन, स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### बेकाबू बस एनएच...

गया है। चालक की घोर लापरवाही को पुलिस स्वमेव संज्ञान में लेकर कार्यवाही करना चाहिए, तभी ऐसे लापरवाह चालकों को सबक मिलेगी, अन्यथा कार्यवाही नहीं होने पर ऐसे चालकों का हौसला बुलंद होते जाएगा और फिर ऐसे चालकों की लापरवाही से बड़ी घटना हो जाती है।

### पीएम मोदी ने...

के अधिक से अधिक छात्रों को आमंत्रित कर लाईव कार्यक्रम दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों के प्रश्नों का जवाब सहजता से दिया और उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया। जिले के कार्यक्रम में भी छात्र-छात्राओं ने अनुशासित होकर ध्यान से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के दौरान अपनी जिज्ञासाओं को दूर करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी से सवाल पूछे गये, जिस पर उन्होंने बच्चों को सटीक जवाब दिया।

### मतदान केंद्र में...

पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिए गए लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए सीजीएसईसी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट में जाकर वोटर सर्च एंड प्रिंट अर्बन एवं वोटर सर्च एंड प्रिंट - रूरल नामवार सर्च करके अपना मतदान केन्द्र का विवरण देख व प्रिंट कर सकते हैं।

### निकाय चुनाव के...

सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको अवकाश प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सशक्त लोकतंत्र के लिए करें मतदान : कलेक्टर




बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने कल 11 फरवरी को नगरपालिका बीजापुर के मतदान में सभी मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान करने की अपील की है।

### आज निर्वाचन क्षेत्र में रहेगा अवकाश

**सुकमा।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए सुकमा जिले में मतदान 11 फरवरी मंगलवार को जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस आशय का अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी किया गया है।

### कलेक्टर ने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की

**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने आम नागरिकों को 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव में उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के की अपील की है। उन्होंने वोट के इस महापर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाकर मतदान के इस पर्व को सफल बनाने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश की प्रगति और विकास में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। चुनाव में वोट डालकर आप अपना कर्तव्य जरुर निभाएं यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और कर्तव्य भी। कृपया अपने मताधिकार का उपयोग करके इस महापर्व में महत्वपूर्ण योगदान दें। जाबो कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नम्रता जैन के दिशा निर्देश में नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारी शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में नगरीय निकाय सुकमा और दोरनापाल में 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता मतदान कर सकेंगे। जिले में कुल 31 मतदान केंद्र बनाया गया है। इनमें नगरपालिका परिषद सुकमा में 16 मतदान केन्द्र और नगर पंचायत दोरनापाल में 15 मतदान केंद्र बनाया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र सुकमा से नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए आज मतदान दलों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया है।



## नगरीय निर्वाचन में महिला शक्तियों की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका, उत्साह के साथ हुई रवानगी

# 336 मतदान कर्मी निभाएंगे निर्वाचन का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत कल 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निर्वाचन मतदान के सिलसिले में मुख्यालय के डाइट परिसर पर मतदान दलों की रवानगी संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि सभी मतदान दलों में महिला कर्मचारियों की संख्या पुरूषों के मुकाबले अधिक है।

इस क्रम में नगर पालिका परिषद क्षेत्र दंतेवाड़ा में 15 वार्ड है, जिसके लिए कुल 17 मतदान केन्द्र बनाए गए है। यहां कुल 68 मतदान कर्मी द्वारा निर्वाचन दायित्व निभाया जाएगा। इसी प्रकार बचेली नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्ड में 19 मतदान केन्द्र 76 मतदान कर्मी तैनात रहेगें। जबकि किरंदुल नगर पालिका के 18 वार्डों में 18 मतदान केन्द्र 78 मतदान कर्मी, गीदम नगर पंचायत 15 वार्डों में 15 मतदान केन्द्र तथा बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डों में 15 मतदान केंद्र बनाए गए जहां क्रमषः 60-60 मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन कार्यों का संपादन किया जाएगा। इस प्रकार पूरे जिले के नगरीय निकाय में कुल 336 मतदान कर्मी निर्वाचन कार्य में अपना योगदान देगें।

बहरहाल उपरोक्त सभी नगरीय निकाय निर्वाचन में आज रिटर्निंग ऑफिसर के उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जा कर रवाना किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





### व्यय प्रेक्षक ने किया द्वितीय व्यय लेखा परीक्षण




राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचन व्यय लेखा संधारण और प्रस्तुति के आदेश 2024 के अनुपालन में निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर प्रोफार्मा-क की जांच हेतु निर्धारित द्वितीय लेखा मिलान तिथि विगत दिवस 8 फरवरी को नगर पालिका के समस्त अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्ति-व्यय अभिलेखों सहित लेखा का मिलान व्यय प्रेक्षक एमए मुस्तफा द्वारा कराया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के नियम 14-ख के तहत प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन की तारीख से 30 दिवस के अंदर अनिवार्य रूप से लेखा प्रस्तुत करने हेतु व्यय प्रेक्षक द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को अवगत भी कराया गया।

### 18 प्रकार के दस्तावेज पहचान के लिए मान्य

नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकृत दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग के प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों के उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल का जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल का अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन का जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय का जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसीईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी।

### किरंदुल, बचेली में घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटिंग मशीन का दिया प्रशिक्षण




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विगत 8 फरवरी को नगर पंचायत बारसूर में तहसील कार्यालय वार्ड क्रमांक 11 एवं 15 वार्ड, तथा नगर पालिका किरंदुल, बचेली में प्रशिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा सभी वार्डों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक भी किया जा रहा है एवं मतदाताओं से 11 फरवरी सुबह 8 बजे से 5 बजे तक पोलिंग बूथ में आकर वोट डालने का आग्रह भी इसी दौरान किया गया।

### मतदान दल रवाना...





बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा एवं सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में सांस्कृतिक भवन बीजापुर मैदान में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। बीजापुर नगरपालिका के 15 वार्डो के लिए 18 मतदान केन्द्र बनाया गया है। वार्ड क्रमांक 1, 7 और 8 में अतिरिक्त 1-1 मतदान केन्द्र बनाया गया है।

# सड़क मार्ग से रवाना हुए मतदान दल

## आज प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल में 11 फरवरी को चुनाव संपन्न होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। सोमवार

- **31 मतदान केंद्रों पर 17,511 मतदाता करेंगे मतदान, महिला मतदाता पुरुषों से अधिक**

को कलेक्टर के निर्देशन में मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्री का वितरण आईटीआई सुकमा से किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान दलों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के समय धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही, सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें।






#### मतदान केंद्रों और मतदाताओं का विवरण

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के नगर पालिका परिषद सुकमा व नगर पंचायत दोरनापाल के लिए कुल 31 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें सुकमा नगर पालिका के 16 मतदान केंद्र और 15 मतदान केंद्र नगर पंचायत दोरनापाल शामिल है।

नगर पालिक परिषद सुकमा एवं नगर पंचायत दोरनापाल में कुल 17511 मतदाता शामिल है। जिसमें 8502 पुरुष मतदाता और 9009 महिला मतदाता शामिल हैं। नगर पालिक परिषद सुकमा के लिए 13518 मतदाता जिसमें 6892 महिला मतदाता और 6626 पुरुष मतदाता शामिल हैं। नगर पंचायत दोरनापाल में 3993 मतदाता, जिसमें 2117 महिला मतदाता और 1876 पुरुष मतदाता शामिल हैं।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु नगरीय निकाय सुकमा में आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। जो जनपद प्राथमिक शाला कक्ष के 1, शांति नगर वार्ड क्रमांक 10 और माध्यमिक शाला शबरी नगर कक्षर्क 1 शबरी नगर वार्ड क्रमांक 12 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। मतदान के दिन भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

# भांसी आईटीआई के 25 वर्ष पूर्ण, मनाई गई रजत जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भान्सी में शनिवार को संस्था के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षकगण, अन्य स्टाफ एवं उनके परिवारजन तथा सभी छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य अतिथि समिल्लित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश नायर विभागाध्यक्ष कार्मिक एनएमडीसी बीआईओएम बचेली, अतिथि जोसे थॉमस विभागाध्यक्ष सीएसआर एनएमडीसी बीआईओएम बचेली, विशिष्ट अतिथि केपी बनसोड विभागाध्यक्ष सिविल एनएमडीसी बीआईओएम बचेली तथा एम तिरुपति राव उपमहाप्रबंधक-कार्मिक एनएमडीसी बीआईओएम बचेली सहित एनएमडीसी तथा डीएवी के अन्य अधिकारी एवं यूनियन के पदाधिकारी समिल्लित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की आरती एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान की धुन से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू ने स्वागत भाषण दिया साथ ही उन्होंने आईटीआई भांसी के पिछले 25 वर्षो की यात्रा को सभी के साथ साझा किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया की हमारे आईटीआई के छात्रों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो की आईटीआई के साथ-साथ पूरे बस्तर क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने संस्था की उपलब्धियों तथा शत-प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट आदि के बारे में भी बताया। उन्होंने एनएमडीसी के द्वारा दिए जा रहे सहयोग से आईटीआई के उन्नयन की बात कही और भविष्य में भी एनएमडीसी प्रबंधन के सहयोग एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में आदिवासी समूह नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा बस्तर के आदिवासी नृत्य ने दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया गया। जोसे थॉमस ने अपने वक्तव्य में बताया कि संस्थान में जल्द ही कोपा ट्रेड खुलने जा रहा है जिससे दंतेवाड़ा क्षेत्र की लड़कियों के लिए कंप्यूटर ज्ञान सीखने का अवसर उपलब्ध हो जायेगा साथ ही उन्होंने सभी शिक्षको एवं प्रबंधन को संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

उन्होंने एनएमडीसी प्रबंधन के द्वारा आईटीआई भांसी के उन्नयन के लिए हर संभव सहयोग की बात कही। मुख्य अतिथि महेश नायर ने संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी स्टाफ उनके परिवारजनों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर उन्होंने कहा की यहाँ के बच्चे तकनीकी क्षेत्र में कुशल होने के साथ-साथ अच्छे कलाकार भी है1 साथ ही उन्होंने बताया की एनएमडीसी का ग्राम भांसी से पुराना रिश्ता रहा है। एनएमडीसी की नीव इसी जगह से रखी गयी थी और एनएमडीसी डीएवी आईटीआई के माध्यम से यह रिश्ता और भी गहरा हो गया है। उन्होंने कहा की संस्थान ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना लिया है लेकिन अब इसे अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का लक्ष्य उन्होंने दिया।







**निष्कासित व्यक्ति का दुर्भावनावश बयानबाजी अनुचित :** जगदलपुर। खदान मजदूर संघ शाखा बचेली एवं किरंदुल के पदाधिकारियों तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बचेली द्वारा संयुक्त प्रेसवार्ता जारी कर एक दिवस पूर्व खदान मजदूर संघ शाखा बचेली से निष्कासित पूर्व पदाधिकारी संतोष दाश द्वारा की गई प्रेस वार्ता में दिए गए बयानों का पुरजोर विरोध किया गया। खदान मजदूर संघ शाखा बचेली के कार्यकारी अध्यक्ष राजूलाल चतुर्वेदी, शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, राजेंद्र यादव द्वारा प्रेस वार्ता में कहा गया कि खदान मजदूर संघ की प्राथमिक सदस्यता एवं समस्त दायित्वों से निष्कासित संतोष दाश द्वारा प्रेस वार्ता में यह पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं तथ्यों से परे जानकारी दी गई कि सांसद के नेतृत्व में वेज रिवीजन के लिए जब केन्द्रीय इस्पात मंत्री से दिल्ली में मिले, तो वहां पर कोई फाईल लंबित नहीं बताया गया।

# कुमकुम पूजा में महिलाओं ने की सुहाग के दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बालाजी मंदिर में वार्षिक महोत्सव के चौंथे दिन सुबह से पूजा-अर्चना शुरू हुई। सुबह सुप्रभात पूजा के बाद पूजा मंडप में भगवान का फूलों से अलंकरण कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंदिर परिसर में कुमकुम अर्चना की। मंदिर के प्रधान पुजारी श्रीकांत आचार्य ने बताया कि सनातन धर्म में कुमकुम को शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। कुमकुम पूजा विधान में इसे देवी लक्ष्मी को समर्पित किया जाता है। महिलाएं कुमकुम पूजा करके पति की दीर्घायु और परिवार के समृद्धि की कामना करती हैं। पूजा में कुमकुम भगवान बालाजी और माता श्रीदेवी- भूदेवी के मूर्तियों पर चढ़ाया जाता है, जिसके बाद इसे प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। महिलाएं परस्पर तिलक लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देती हैं। कुमकुम पूजा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। पूजा विधान आंध्रप्रदेश के विजय नगरम से पधारे विद्वान पंडितों ने संपन्न करवाया।

***दीपों से किया मंदिर को अलंकृत :*** सोमवार की रात बालाजी मंदिर में सहस्त्र दीपालंकरण विधान संपन्न हुआ। पूजा में शामिल भक्तों ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर मंदिर परिसर को सजाया। भक्तों ने पूजा मंडप, गरूड़ स्तंभ सहित दशावतार, श्री कृष्ण एवं अन्य प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।





Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतो की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ईव्हीएम मशीन का किया गया वितरण

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में स्थापित स्ट्रांग रूम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीन के वितरण हेतु स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके पश्चात मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन और मतदान सामग्री का वितरण किया गया।

### स्मार्ट ब्रेन परीक्षा में विराट बेसरा प्रथम



**नगरनार।** सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार में स्मार्ट ब्रेन अकैडमी के द्वारा बच्चों का परीक्षा लिया गया। जिसमें कक्षा दूसरी का छात्र विराट बेसरा को प्रथम स्थान मिला। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार के प्रधानाचार्य सत्यम सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

### मतदान से पहले निकाला गया फ्लैग मार्च

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के एक दिन पहले शाम 4 बजे पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाली। कोतवाली से शुरू हुआ मार्च मेन रोड, पैलेस रोड, हनुमान मंदिर चौक, गीदम रोड, गुरु गोविंद सिंह चौक, आकाशवाणी रोड, कलेक्टोरेट रोड, सिटी ग्राउंड, चांदनी चौक, शहीद पार्क तिराहा होते कोतवाली पहुंचा।

## नगर निगम के सभी 48 वार्ड के 154 पार्षद प्रत्याशियों ने लगाया जोर

# मतदान से पहले अंतिम दिन महापौर के दोनों प्रत्याशी ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

5 साल के लिए चुने जाने वाले नगर के प्रथम नागरिक कौन होगा इसका फैसला कल 11 फरवरी को शाम 5 बजे तक होने वाले मतदान में तय हो जाएगा। उससे पहले अंतिम दिन महापौर पद के सभी 5 प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ जनता का आर्शिवाद पाने सड़कों पर निकले। दो बड़ी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कांग्रेस के मलकीत सिंह गैदू और भाजपा के संजय पाण्डेय बड़े नेताओं के साथ शहर के मुख्य मार्गों में पैदल चलकर लोगों का समर्थन मांगा। मेनरोड में व्यापारियों और आने-जाने वालों से मेलमिलाप करते दोनों प्रत्याशी और पार्टी के लोगों ने शहर विकास का वादा करते वोट देने की अपील की। अपने दल के घोषणा पत्र के वादे गिनाते प्रत्याशियों ने कहा कि नगर सरकार में आने पर शहर की समस्याओं को दूर करेंगे। जनता के मंशा के अनुसार शहर का विकास होगा, जिसमें युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्ग के लिए विकास की रूपरेखा तय करेंगे।

- महापौर प्रत्याशी के साथ पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं ने सड़क में घुमकर मांगा समर्थन



### विकास तेज करने भाजपा को जीताएं

भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे मुख्य मार्ग में मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि जगदलपुर की जनता ने हमेशा से ही भाजपा को अपना समर्थन और प्यार दिया है इसलिए इस बार नगर निगम में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। देश सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनना तय है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा नगर में विगत एक वर्ष में किए गए अपने विकास कार्यों के आधार पर जनता के समक्ष प्रस्तुत हुई है और नगर के पूरे 48 वार्डों की जनता भाजपा के पक्ष में ही मतदान करेगी। जगदलपुर में रिकॉर्ड मतों से महापौर सहित 48 वार्डो में जीत का परचम लहराएगी। महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने नगरवासियों से 11 फरवरी को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है इसलिए सभी नगरवासी बीजेपी के पक्ष में मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी आहुति दें।



### नियोजित विकास कर बनाएंगे धुलमुक्त शहर

कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, पूर्व शहर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी और वार्डों से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अंतिम दिन पसीना बहाते जनमानस से विकास के लिए समर्थन देने की अपील की। साथ ही कहा कि शहर की जितनी भी छोटी बड़ी समस्याएं हैं उसे नगर सरकार में आते ही जनता के भावनाओं के अनुरूप दूर करेंगे। चौराहों का शहर आज की स्थिति में धुल और गड्ढों से भरा हुआ है। हमारा प्रयास रहेगा कि आम जनमानस को पानी, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से भटकना न पड़े। सत्ता में आते ही शहर के प्रमुख स्थलों में शौचालय और महिलाओं के लिए विशेष तौर पर सुविधायुक्त शौचालय का निर्माण करेंगे। गांव से हाट-बाजार और अन्य कामों से आने वाली महिलाओं को काफी परेशानी होती है।

### कांग्रेस का कार्यकाल विफलता के लिए जाना जाएगा : पांडे

**जगदलपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने जारी बयान में कहा कि स्वच्छ भारत अभियान हर घर नल हर घर जल एवं गरीबों के आवास को लेकर कांग्रेस शासित नगर निगम ने जो



नकारात्मक रवैया अपनाया इसका दुष्परिणाम शहर की जनता को भुगतना पड़ा। भाजपा द्वारा कराए गए विकास कार्यों को कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से ध्वस्त करने का काम किया। गंगा मुंडा तालाब, यात्री प्रतीक्षालय सहित व्यावसायिक परिसर जो भाजपा शासित नगर निगम ने बनाए थे उनके रखरखाव की ओर कांग्रेस के उदासीन रवैया ने जनता के पैसे को बर्बाद करने का प्रयास किया। भाजपा ने लाभ का निगम कांग्रेस को दिया था किंतु कांग्रेस ने उसे घाटे के निगम में बदल दिया। कांग्रेस का कार्यकाल विफलता की नयी गाथा को गढ़ गया किंतु जनता अब कांग्रेस की इस जनविरोधी रवैया का जवाब देने को तैयार है।

### तेजी से विकास कर बेहतर शहर बनाएंगे : मौर्य

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में शहर वासियों से कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू तथा सभी 48 वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशियों को शहर विकास के लिए समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर विकास के प्रति हमारी जनसेवा की प्रतिबद्धता है जिसे नगर सत्ता में आते ही पूरा किया जाएगा। शहर का तेजी से विकास करेंगे और जगदलपुर को बेहतर शहर बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। 5 साल के कांग्रेस शासन में नगर में विकास के लिए काफी काम हुए हैं। अब नगर सत्ता में आकर जो काम जन सुविधा की दृष्टि से आवश्यक है उसे प्राथमिकता देते हुए पूरा करेंगे। एक साल के भाजपा सरकार के शासन काल में चौराहों का सुंदर शहर काफी पिछड़ गया, जिसे विकास में आगे ले जाने का प्रयास होगा।



## जवानों के साथ स्कूली बच्चों ने दी कोबरा शहीदों को सलामी और श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करनपुर स्थित कोबरा काम्प्लेक्स में कोबरा के वीर शहीदों को पांचवे बलिदान दिवस पर सलामी दी गई। वर्ष 2020 में बीजापुर के इरापल्ली क्षेत्र में माओवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में वीरता से लड़ते हुए 204 कोबरा बटालियन के तीन वीर कमांडो हवालदार अजीत सिंह, सिपाही विकाश कुमार और सिपाही पूर्णानंद साहू शहीद हुए थे। देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा करते हुए इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के प्रयास में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की याद में उनके पांचवें बलिदान दिवस पर श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे माड़पाल शासकीय स्कूल और ज्ञानोदय स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने शहीदों को सलामी दी और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। कोबरा अधिकारी देवेन्द्र सिंह कस्वां ने बताया कि इन वीरों के शहादत की वजह से ही संभव हो पाया है कि जहां यह वीर शहीद हुए थे वहां आज सुरक्षा बलों का कैंप लग चुका है।





## अष्ठम प्रहर हरिनाम संकीर्तन में कीर्तन मंडली ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बंगीय समाज के प्रयास पर शहर में सोमवार से 24 घण्टे तक चलने वाला अष्ठम प्रहर श्री हरिनाम संकीर्तन का धार्मिक आयोजन प्रारम्भ हुआ। कीर्तन मंडली के इस भक्तिमय संकीर्तन से श्रद्धालुओं के आंखे भर आईं और भक्ति से भाव विभोर हो गए। बंगीय समाज भवन में रविवार से मंगलवार तक अष्ठम प्रहर श्री हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन को लेकर समाज अध्यक्ष मनोरंजन राय ने कहा हर वर्ष नित्यानंद त्रयोदशी में किया जा रहा है। 6 वर्ष से धार्मिक आयोजन समाज के समस्त जनों के भागीदारी से बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ होता है। रविवार को दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 से 10 बजे तक गंगावरण अधिवास अनुष्ठान किया गया। सोमवार प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे पुनः शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक अष्ठम प्रहर श्री हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का श्रीगणेश हुआ। ततपश्चात महाभोग वितरण (आनंद बाजार) में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किये। राय के मुताबिक मंगलवार को प्रातः 6 बजे संकीर्तन विराम प्रातः 7 बजे नगर कीर्तन समस्त सम्प्रदाय बंगीय समाज भोग आरती महन्त विदाय व पदावली कीर्तन का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।



## पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला फरार पति की तलाश में जुटी पुलिस



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मोदे के कछारपारा लाड़ी में सो रही महिला के ऊपर पति ने जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल महिला जैसे तैसे जान बचाकर वहां से भागने में कामयाब हुई। कुल्हाड़ी के हमले से घायल महिला जिला अस्पताल में ईलाज कराने के बाद आरोपी पति के खिलाफ कोरर थाना में शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए तलाश शुरू कर दिया है।

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंची मोदे निवासी 35 वर्षीय भुनेश्वरी निषाद पति संतोष निषाद ने पुलिस को बताया कि 3 फरवरी को मैं गांव में ही कछारपारा में ईंटा बनाने गई थी। काम करके कछार में बनी लाड़ी में रात साढ़े 9 बजें मेरा बेटा पुश्वंत, बेटी भूमिका, भतिजा वासुदेव व मजदूर दानेश्वरी के साथ हम सभी सोए थे, उसी समय मेरा पति संतोष निषाद शराब पीकर लाड़ी में आया और मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाड़ी में रखी कुल्हाड़ी से अचानक मेरे सिर में हमला बोल लिया। मैं जान बचाकर अपने बच्चों व मजदूर के साथ लाड़ी से बाहर निकली। पति ने सिर पर कुल्हाड़ी से हमला बोला था, जिसके चलते खून निकल रहा था। खून निकलने से परेशान मेरे बच्चे व मजदूर मुझे ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

ईलाज हो जाने के बाद थाना में शिकायत किया। महिला ने पुलिस को बताया कि पति की इस हरकत से पूरा परिवार डरा हुआ है और परेशान है। महिला की शिकायत पर कोरर पुलिस ने शिकायतकर्ता के पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी पति की तलाश करने में जुट गई है।

## मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना, आज सुबह से होगी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में 11 फरवरी को नगर पंचायत चुनाव होने हैं। जहां आज सुबह आठ से शाम पांच बजे तक वोटिंग होनी है। सोमवार को सभी मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टी को ईवीएम मशीन का वितरण किया गया। पोलिंग पार्टी सोमवार को ही मतदान केंद्र पूरी सुरक्षा के साथ पहुंच चुकी है। नगर में 6143 मतदाता पंजीकृत हुए हैं, जिनमें महिला 3189 और पुरुष 2954 है।

भानुप्रतापपुर नगर में मतदाता संख्या के आधार पर वार्ड नंबर एक 667 मतदाता के साथ सबसे बड़ा वार्ड है, जिसका मतदान केंद्र प्राथमिक शाला संजयपारा को बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 2 में 507 मतदाता और वार्ड नंबर 3 में 502 मतदाता है, जिसका मतदान केंद्र माध्यमिक शाला को बनाया गया है। वार्ड नंबर 4 में 368 मतदाता, वार्ड नंबर 5 में 319, वार्ड नंबर 6 में 293 मतदाता है। इन तीनो वार्ड का मतदान केंद्र संस्कार वैली स्कूल को बनाया गया है। वार्ड नंबर 7 में 303 मतदाता जिसका मतदान केंद्र सामुदायिक भवन है। वार्ड नंबर 8 में 416 मतदाता, वार्ड नंबर 9 में 373 मतदाता है जिनका मतदान केंद्र प्राथमिक शाला सलिहापारा है। वार्ड नंबर 10 में मतदाता 325, वार्ड नंबर 11 में 374 ,वार्ड नंबर 12 में 569 है जिसका मतदान केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर को बनाया गया है। वार्ड नंबर 13 में 440 मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र कन्या प्राथमिक शाला भानुप्रतापपुर है। वार्ड नंबर 14 में 325 और वार्ड नंबर 15 में 362 मतदाता है जिनके लिए जनपद प्राथमिक शाला को मतदान केंद्र बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे विद्यार्थियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी पढ़ने वाले बच्चों से सीधा बातचीत किया। दुर्गुकोंदल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया। इस प्रसारण को सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं शासकीय कर्मचारी गण एवं पालकों के द्वारा टीवी व प्रोजेक्टर टेलीकास्ट के माध्यम से देखा गया, जिसमें कक्षा छठवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। विकासखंड के 99 संस्थानों में टेलीकास्ट के माध्यम से कुल 6150 छात्र-छात्राएं, 595 शिक्षक, 511 पालकगण व 65 अन्य स्टाफ कुल 7318 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिय। परीक्षा पे चर्चा के विकासखंड स्तरीय नोडल अंजनी मंडावी ने बताया कि सभी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य गण, माशा के समस्त प्रधान पाठक एवं सभी संकुल समन्वयकों ने अपने-अपने संकुल एवं संस्था में सभी को देखने दिखाने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम, शंकर नागवंशी, राजकुमार चंद्राकर, रामचंद्र दुग्गे, किशोर विश्वकर्मा, हेमलाल खरे, बृजभूषण आर्य, गोवर्धन मांडवी व आदि लोग सम्मिलित हुए।

### पानी के लिए हाहाकार, जनप्रतिनिधि चुनाव में हैं मस्त

# आरईएस कालोनी में 15 दिनों से टाइम नल बंद, हेंडपंपों से गुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का दौर चल रहा है एवं चुनाव मैदान में उतरे वार्डपंच, सरपंच और जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवार घर घर जाकर लोगों के पैर छूकर जीत दिलाने की मांग कर रहे हैं। ये भी कह रहे हैं कि मुझे वोट दो और मैं पांच साल तक सेवा करूंगा। सब उम्मीदवार खुद को आम जनता की मसीहा बताते नहीं थक रहे हैं व बैनर पोस्टर के लोक लुभावने स्लोगन भी पढ़ने और देखने को मिल रहे हैं । चुनावी सरगर्मी चल रही है और दूसरी ओर आरईएस कालोनी दुर्गुकोंदल के रहवासी 15 दिनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नहाने और पीने के पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं। इस हालात में आरईएस कालोनी के लोगों को पानी मिले और इसे सुलह कराने न प्रशासन सामने आ रहा है और न ही मसीहा बताकर घुमने वाले नेता सामने आ रहे हैं। 15 दिन हो गए टाईम नल बंद है और पानी नहीं मिल रहा है। ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के सचिव भी सामने नहीं आ रहे है। परेशान जनता दूर दूर के हेंडपंपों से पानी लाकर उपयोग करने मजबूर हैं। कालोनीवासियों ने बताया कि सो उठकर पानी कहां से लाए इसी चिंता में परेशान रहते हैं। आरईएस कालोनी में हमेशा पानी की संकट बनी रहती है व अब 15 दिनों से परेशान हैं। हमारी पानी की समस्या को सचिव सुन रहे हैं और न प्रशासन सुन रही है। 15 वें वित्त योजना में लाखों रूपए जनता के विकास के लिए आते है पर जनता के विकास के लिए आई राशि को सरपंच व सचिव खुद के विकास और उन्नति में लगाते हैं।




